# त्रैमासिक परीक्षा

## प्रश्न बैंक

**(सत्र 2025- 26)**

**कक्षा-11**

**विषय-भूगोल**

**स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय**
**मध्यप्रदेश भोपाल**

**प्रश्न-पत्र निर्माण हेतु विषय शिक्षक को निर्देश–**

1. विषय शिक्षक प्रश्नपत्र निर्माण हेतु प्रश्नों का चुनाव करते समय भूगोल विषय की त्रैमासिक परीक्षा के ब्लू प्रिंट का अध्ययन कर लें।
2. ब्लू प्रिंट अनुसार ही प्रश्नों का चुनाव करते हुए प्रश्नपत्र का निर्माण करें। यह अवश्य ध्यान दें कि किसी प्रश्न का दोहराव नहीं हो|
3. प्रश्न पत्र के किसी प्रश्न का किसी अन्य चुने गये प्रश्न में उत्तर समाहित नहीं हो।
4. सही जोड़ी बनाइए वाले प्रश्न में कॉलम "क" और उसकी सही जोड़ी बनाने हेतु कॉलम "ख" का विशेष ध्यान रखते हुए चयन किया जाये।
5. प्रत्येक प्रश्न के समक्ष उसके लिये आवंटित अंक अवश्य अंकित करें।
6. यदि प्रश्न बैंक में ऐसा कोई प्रश्न टंकण त्रुटिवश समाहित हो गया हो जो कि सिलेबस से या संदर्भित अध्याय के बाहर का हो तो विषय शिक्षक उस प्रश्न को प्रश्नपत्र में शामिल नहीं करें ।
7. विषय शिक्षक त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र बनाते समय विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र का निर्माण करें।
8. प्रश्न क्रमांक 20 भारत के मानचित्र पर आधारित है,प्रश्न पत्र में भारत का मानचित्र सलंग्न करना आवश्यक है।

# त्रैमासिक परीक्षा 2025-26

ब्लू प्रिंट

कक्षा – 11 विषय- भूगोल समय - 03 घंटा

**पूर्णांक – 70 अंक**

| पाठ्यपुस्तक | इकाई /अध्याय | आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | | | | | | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल वस्तुनिष्ठ प्रश्न | सही विकल्प | रिक्त स्थान | सत्य /असत्य | सही जोड़ी | एक वाक्य | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | |
| भौतिक भूगोल के मूल सिद्धान्त | 1- भूगोल एक विषय के रूप में | **05** | **3** | **1** | **-** | **1** | **-** | **1** | **1** | **-** | **-** | **-** | **1** |
| | 2- पृथ्वी की उत्पत्ति एवं विकास | **10** | **5** | **1** | **1** | **1** | **-** | **2** | **1** | **1** | **-** | **-** | **2** |
| | 3- पृथ्वी की आंतरिक संरचना | **11** | **5** | **1** | **1** | **1** | **2** | | **1** | | **1** | | **2** |
| | 4 - महासागरों और महाद्वीपों का वितरण | **09** | **4** | **1** | **1** | **1** | **-** | **1** | **1** | **1** | **-** | **-** | **2** |
| | 5- भू-आकृतिक प्रक्रियाएँ | **04** | **1** | **1** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **1** | **-** | **-** | **1** |
| | 6. भू-आकृतियाँ तथा उनका विकास | **03** | **1** | **-** | **1** | **-** | **-** | **-** | **1** | **-** | **-** | **-** | **1** |
| भारत भौतिक पर्यावरण | 1- भारत स्थिति | **11** | **5** | **1** | **1** | **1** | **2** | **-** | **1** | **1** | **-** | **-** | **2** |
| | 2- संरचना तथा भूआकृति विज्ञान | **09** | **4** | **-** | **1** | **1** | **1** | **1** | **1** | **1** | **1** | **-** | **3** |
| | भारत मानचित्र पर आधारित प्रश्न | **05** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **-** | **1** | **1** |
| | **कुल** | **70** | **28** | | | | | | **14** | **15** | **08** | **05** | **15 +5= 20** |

## प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश-

1. प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक कुल 28 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सत्य / असत्य 06 अंक, सही जोड़ी 05 अंक, एक वाक्य में उत्तर 05 अंक
2. प्रश्न क्रमांक 6 से 20 तक में आंतरिक विकल्प दिए जाना हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 12 तक कुल 07 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित है।
4. प्रश्न क्रमांक 13 से 17 तक कुल 05 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित है।
5. प्रश्न क्रमांक 18 एवं 19 कुल 02 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित है।
6. प्रश्न क्रमांक 20 भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न हैं । प्रश्न पर 05 अंक निर्धारित है।

# भौतिक भूगोल के मूल सिद्धान्त

## अध्याय -1 भूगोल एक विषय के रूप में

**1.सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **(01अंक)**

(i) माध्यमिक स्तर के भूगोल का अध्ययन किस विषय के अंतर्गत किया जाता है-

(अ ) विज्ञान (ब ) सामाजिक विज्ञान

(स ) गणित (द) हिंदी

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा एक भौतिक स्वरूप नहीं है-

(अ) पर्वत (ब) घाटियाँ

(स) मैदान (द) नगर

(iii) इरेटॉस्थेनीज कहां के विद्वान थे-

(अ) रूस (ब) चीन

(स) अमेरिका (द) ग्रीक

(iv) प्रादेशिक भूगोल का विकास किसके द्वारा किया गया था-

(अ) अलेक्जेंडर बॉन हम्बोल्ट (ब) कार्ल रिटर

(स) हिकेटियस (द) हेटनर

(v) भूगोल की किस शाखा के अंतर्गत जनसंख्या, नगरीय बस्तियों , ग्रामीण बस्तियों, परिवहन संचार आदि का अध्ययन किया जाता है-

(अ) भौतिक भूगोल (ब) जीव भूगोल

(म) मानव भूगोल (द) मृदा भूगोल

(vi) निम्नलिखित में से किस लक्षण को भौतिक लक्षण कहा जा सकता है-

(अ) पत्तन (ब) मैदान

(स) सड़क (द) उद्यान

(vii) निम्नलिखित में से किस विद्वान ने भूगोल शब्द का प्रयोग किया था-

(अ) हेरोडोटस (ब) गैलीलियो

(स) अरस्तु (द) इरेटॉस्थेनीज

(viii) पृथ्वी का आकार किस प्रकार का है-

(अ) गोल (ब) चपटा

(स) भू-आभ (द) चौकोर

(ix) किन संसाधनों के के बढ़ते उपयोग से विश्व में पारिस्थितिक असंतुलन उत्पन्न कर दिया है-

(अ) भौतिक संसाधन (ब) तकनीकी संसाधन

(स) सामाजिक संसाधन (द) मानव संसाधन

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- (01 अंक)**

(i) निर्वाह के लिए अपने आस पास ............................................... पर निर्भर हैं।

(ii) भूगोल शब्द.................................................... भाषा से लिया गया है।

(iii) भारत मे.......................... एक महान अवरोधक के रूप में देश की रक्षा करता है।

(iv) पृथ्वी को सर्वदा..............................................के आवास के रूप में देखा गया है।

(v) भूगोल जिओ एवं............................................ शब्दों में मिलकर बना है।

**3. सत्य / असत्य लिखिए- (01 अंक)**

(1) पृथ्वी के भौतिक स्वरूप में भिन्नता होती है।

(ii) भूगोल विषय में केवल पृथ्वी का वर्णन किया जाता है।

(iii) इतिहास सामाजिक विज्ञान का सहयोगी विषय नहीं है।

(iv) द्वैतवाद भूगोल की एक प्रमुख विशेषता है।

(v) प्रकृति मानव जीवन के विभिन्न पक्षों को प्रभावित करती है।

(vi) संचार के बेहतर साधनों के कारण दूरियाँ अधिक हो गई है।

(vii) मानव ने ऐसी तकनीक विकसित की है जो सीमित क्षेत्र में जलवायु को अपरिवर्तित कर देती है।

4 **. सही जोड़ियां बनाइए- (01अंक)**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) एंथ्रोपॉजियोग्राफी | (अ) सूचना तंत्र |
| (ii) जलवायु विज्ञान | (ब) वायुमंडल |
| (iii) इंटरनेट | (स) जलमंडल |
| (iv) मौसम तथा जलवायु | (द) भौगोलिक सूचना तंत्र |
| (v) जी. आई. एस. | (इ) भू-विज्ञान |

**5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए - (01 अंक)**

(i) भूगोल के अध्ययन के कितने उपागम है ?

(ii) अलेक्जेंडर बॉन हबोल्ट कहां के भूगोलवेत्ता थे ?

(ii) भूगोल को विषय वस्तु का क्रमवद्ध उपागम के आधार पर कितनी शाखाओं में बांटा गया है ?

(iv) जी.पी.एस. का पूरा नाम लिखिए ।

(v) गोलक या ग्लोब क्या है ?

(vi) कृषि, व्यापार, पर्यटन उद्योग का अध्ययन किसमें किया जाता है ?

(vi) भूगोल का उद्देश्य धरातल की प्रादेशिक क्षेत्रीय विषमताओं का वर्णन करना है, यह किसकी परिभाषा है ?

(ix) भूगोल का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

**6. अति लघुउत्तरीय प्रत्र - ( 02 अंक)**

1. भूगोल विषय के अध्ययन के कोई दो उद्देश्य लिखिए ।
2. द्वेतवाद से क्या आशय हैं ?
3. विषय वस्तु का क्रमबद्ध उपागम के आधार पर भूगोल की किन्ही दो शाखाओं के नाम लिखिए।
4. जलवायु विज्ञान किसे कहते हैं ?
5. भूगोल में तकनीकी के कोई दो महत्व लिखिए ।

6 भूगोल के कोई दो महत्व लिखिए ।

7 मानव भूगोल की किन्हीं दो शाखाओं के नाम लिखिए ।

8 भौतिक भूगोल की किन्ही दो शाखाओं के नाम लिखिए ।

## अध्याय -2 पृथ्वी की उत्पत्ति एवं विकास

**1.सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **(01 अंक)**

(i) पृथ्वी की उत्पत्ति के संबंध में सर्वप्रथम परिकल्पना किसने दी थी-

(अ) लाप्लांस (ब) इमैनुअल काण्ट

(स) चेम्बरलेन और मोल्टन (द) इनमें से कोई नहीं

(ii) बिग बैंग की घटना कितने समय पूर्व हुई थी-

(अ) 5 अरब वर्ष (ब) 10 अरब वर्ष

(स) 13.7 अरब वर्ष (द) 14 अरब वर्ष

(iii) नीहारिका परिकल्पना का प्रतिपादन किसने किया था-

(अ) कान्ट (ब) ऑटो शिमिड

(स) लाप्लांस (द) एडविन हब्बल

(iv) तारों का निर्माण कितने वर्षों पहले हुआ था-

(अ) 4 से 5 अरब वर्ष पूर्व (ब) 2 से 3 अरब वर्ष पूर्व

(स) 6 से 7 अरब वर्ष पूर्व (द) 5 से 6 अरब वर्ष पूर्व

(iv) पृथ्वी की प्रारंभिक सतह कैसी थी?

(अ) ठोस और ठंडी (ब) तरल और गर्म

(स) गैसीय (द) बर्फ से ढकी हुई

(v) 'बिग बैंग सिद्धांत' को और किस नाम से जाना जाता है?

(अ) पृथ्वी सिद्धांत (ब) विस्फोट सिद्धांत

(स) ब्रह्मांड परिकल्पना (द) विस्तारित ब्रह्मांड परिकल्पना

(vi) जीवन की उत्पत्ति से पहले वायुमंडल में किस गैस की अधिकता थी?

(अ) ऑक्सीजन (ब) नाइट्रोजन
(स) हाइड्रोजन (द) मीथेन

(vii) निम्नलिखित में कोन-सा तत्व वर्तमान वायुमंडल के निर्माण व संशोधन में सहायक नहीं हैं ?

(अ) सौर पवन (ब) गैस उत्सर्जन
(स) विभेदन (द) प्रकाश संश्लेषण

**2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - ( 01 अंक)**

(i) प्रकाश की गति.........................................लाख कि. मी. प्रति सैकंड है।

(ii) पृथ्वी पर हल्के व भारी घनत्व वाले पदार्थों के प्रथक होने की प्रक्रिया को ..........................कहा जाता है।

(iii) आधुनिक वैज्ञानिक जीवन की उत्पत्ति को एक तरह की प्रतिक्रिया को .......................... बताते है।

(vi) पृथ्वी पर प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया..................................................... वर्ष पहले आरंभ हुई।

(v) पृथ्वी सूर्य से ............................................................कि.मी. दूर है।

**3 सत्य/असत्य लिखिए - ( 01 अंक)**

(i) बिग बैंग होने के आरंभिक तीन मिनट के अंतर्गत पहले परमाणु का निर्माण हुआ।

(ii) बिग बैंग से 3 लाख वर्षों बाद तापमान 4500 केल्विन गिर गया था।

(iii) बिग बैग से पहले ब्रम्हांड अति छोटे गोलक के रूप में था।

(iv) ब्रम्हांड के विस्तार के प्रमाण सर्वप्रथम एडविन हब्बल ने दिया।

**4 सही जोड़ी मिलाइए- (01 अंक)**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) बिग बैंग सिद्धांत | (अ) प्रकाश वर्ष |
| (ii) पृथ्वी व सूर्य की औसत दूरी | (ब) हॉयल |
| (iii) दूरी का माप | (स) ब्रह्मांड की उत्पत्ति का सिद्धांत |
| (iv) स्थिर अवस्था संकल्पना | (द) लगभग 4.6 अरब वर्ष |
| (v) पृथ्वी की आयु | (इ) 14 करोड़ 95 लाख 98 हजार कि .मी . |

**5 एक वाक्य में उत्तर लिखिए - ( 01 अंक)**

(i) सर्वप्रथम किसने बताया कि ब्रम्हांड का विस्तार हो रहा है ?

(ii) सर्वप्रथम उत्पन्न होने वाला जीव कौन-सा था ?

(iii) बिग बैंग की घटना आज से कितने वर्षो पहले हुई ?

(iv) पृथ्वी पर प्रारंभिक वायुमंडल में किन गैसों की अधिकता थी?

(v) पृथ्वी के वायुमंडल की वर्तमान संरचना किन गैसों का प्रमुख योगदान है।

(vi) पृथ्वी पर किस प्रक्रिया के द्वारा अंदरूनी भाग से गैसें व जल वाष्प बाहर निकले।

**लघु उत्तरीय प्रश्न** **( 03 अंक)**

1. पृथ्वी के उदभव एवं विकास क्रम का विस्तार से वर्णन कीजिए।
2. बिग बैंग सिद्धांत का विस्तृत वर्णन कीजिए।
3. पृथ्वी पर स्थल मंडल के विकास को समझाइए ।
4. पृथ्वी पर वायु मण्डल व जलमंडल का विकास किस प्रकार हुआ समझाइए ।
5. विभेदन प्रक्रिया से आप क्या समाझते है ?
6. पृथ्वी का प्रारंभिक वातावरण आज के वातावरण से कैसे भिन्न था? दोनों की तुलना कीजिए।

## अध्याय 3 पृथ्वी की आंतरिक सरंचना

**1.सही विकल्प चयनकर लिखिए -** **( 01 अंक)**

(i) पृथ्वी की त्रिज्या है-

(अ) 6378 कि.मी. (ब) 6730 कि. मी.

(स) 7630 कि.मी. (द) 7360 कि. मी.

(ii) सभी प्राकृतिक भूकंप आते हैं-

(अ) स्थलमंडल में (ब) जलमंडल में

(स) वायुमंडल में (द) जैव मंडल में

(iii) गुरुत्वाकर्षण कहाँ अधिक होता है-

(अ) ध्रुवों पर (ब) भूमध्य रेखा पर

(स) कर्क रेखा पर (द) मकर रेखा पर

(iv) भूतल पर वह बिंदु जो भूकम्प के उदगम केंद्र के समीपतम होता है कहलाता है -

(अ) अधिकेन्द्र (ब) परिकेंद्र

(स) अवकेंद्र (द) केंद्र

(v) सीस्मोग्राफ यन्त्र द्वारा किसका अंकन किया जाता हैं-

(अ) भूकंपीय नहरों का अंकन (ब) महासागरीय लहरों का अंकन

(स) महासागरीय तथा भूकंपीय दोनों का अंकन (द) सुनामी लहरों का अंकन

(vi) कौन-सी भूकंपीय तरंग धरातल पर सबसे पहले आती है-

(अ) P तरंग (ब) S तरंग

(स) L लहर (द) सभी एक साथ आती है

(vii) सबसे अधिक विनाशकारी तरंग मानी जाती है-

(अ) प्राथमिक तरंग (ब) द्वितीयक तरंग

(स) धरातलीय तरंग (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(viii) मोहो असांतत्य पाया जाता है -

(अ) क्रस्ट एवं मेंटल के मध्य (ब) क्रस्ट के ऊपर

(स) मेंटल एवं क्रोड के मध्य (द) क्रोड के अन्दर

(ix) काल्डेरा का निर्माण होता है -

(अ) ज्वालामुखी द्वारा (ब) भूकंप द्वारा

(स) अपरदन द्वारा (द) निक्षेपण द्वारा

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** **( 01 अंक)**

(i) दक्कन के पठार का निर्माण............................................................ से हुआ है।

(ii) क्रोड व मेंटल की सीमा..................................................... की गहराई तक है।

(iv) जो भूकंप बड़े बाँध वाले क्षेत्रों में आते हैं उन्हें ................................... भूकंप कहलाते हैं।

(v) भूकंप की तीव्रता का मापन...........................................................स्केल द्वारा किया जाता है।

(vi) अधिकेन्द्र उदगम, केंद्र के ठीक..............................................डिग्री ऊपर होता है।

(vii) पृथ्वी के ध्रुवो पर गुरुत्वाकर्षण बल......................................................... होता है।

(viii) P तरंगों के कम्पन की दिशा तरंगों की दिशा के................................................ होती है।

**3 सत्य /असत्य लिखिए –** **( 01 अंक)**

(i) पृथ्वी का क्रोड हमेशा तरल अवस्था में पाया जाता है।

(ii) भूकंपीय **S** तरंग सर्वाधिक नुकसान पहुँचाती है।

(iii) भूकंप आने का कारण ज्वालामुखी विस्फोट भी हो सकता है।

(iv) महासागरों के नीचे भूपर्पटी सर्वाधिक पायी जाती है।

(v) दक्कन के पठार का निर्माण लावा प्रवाह से हुआ है।

(vi) जब लावा का प्रवाह दरारों में धरातल के लगभग समकोण में होता है, तो उसे डाइक कहते हैं।

(vii) भूपर्पटी एवं मेटल का उपरी भाग मिलकर दुर्बलता मंडल कहलाता है।

(vii) खनन क्षेत्रों अत्यधिक खनन कार्य से आने वाले भूकंप को नियात भूकंप कहा जाता है।

(ix) भूकंपीय तरंगे **P** ठोस, द्रव तथा गैस माध्यमों में चलती है।

**4 . सही जोड़ी बनाइए -** **( 01 अंक)**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण व चुम्बकीय क्षेत्र | (अ) सर्वाधिक तीव्र गति |
| (ii) ज्वालामुखी विस्फोट | (ब) एल तरंग |
| (iii) धरातलीय तरंगे | (स) महासागरीय लहर |
| (iv) विनाशकारी तरंग | (द) बेसाल्ट लावा प्रवाह |
| (v) प्राथमिक तरंग | (इ) प्रत्यक्ष स्रोत |
| (vi) दक्कन ट्रैप | (ई) सर्वाधिक नुकसान |
| (vii) सुनामी | (फ) अप्रत्यक्ष स्रोत |

**5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए -** **( 01 अंक)**

(1) पृथ्वी की आंतरिक मरंचना को कितनी परतों में बांटा गया है ?

(ii) जहाँ से निकलकर गैमें, राख और तरल चट्टानी पदार्थ, लावा पृथ्वी के धरातल तक पहुँचता है, कहलाता है।

(iii) जहाँ कोई भी भूकंपीय तरंग अभिलेखित नहीं की जाती कौन-सा क्षेत्र कहलाता हैं ?

(iv) परमाणु या रासायनिक विस्फोट से आने वाले भूकंप क्या कहलाते हैं ?

**अति लघुउत्तरीय प्रत्र -** **( 02 अंक)**

1. पृथ्वी के मेंटल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।
2. भूकंप के केन्द्र और उपकेंद्र में क्या अंतर है?
3. पृथ्वी के बाह्य क्रोड़ और आंतरिक क्रोड़ में अंतर लिखिए ।
4. भूकंपीय तरंगों के अध्ययन से कौन-कौन सी जानकारी मिलती है?
5. S तरंगें पृथ्वी के क्रोड़ में प्रवेश क्यों नहीं कर पातीं है ?
6. S तरंगें ठोस माध्यम में ही क्यों चलती हैं?
7. पृथ्वी के आंतरिक भाग के अध्ययन के लिए प्रत्यक्ष स्रोत कौन-से हैं?
8. भूगर्भीय तरंग क्या हैं ?

**दीर्ध उत्तरीय प्रश्न-** **( 04 अंक)**

1. पृथ्वी की आंतरिक सरंचना का सचित्र वर्णन कीजिए।

2. शील्ड ज्वालामुखी तथा मिश्रित ज्वालामुखी में कोई चार अंतर लिखिए ।

3. भूकंप से होने वाले कोई चार प्रभावों का वर्णन कीजिए ।

4.अंतर्वेधी आकृतियों से आप क्या समझते हैं? विभिन्न अंतर्वेधी आकृतियों का संक्षेप में समझाइए ।

5. भूकंपीय छाया क्षेत्र को सचित्र समझाइए ।

6. दक्कन के पठार की उत्पत्ति का वर्णन कीजिए ।

7. ज्वालामुखी उदगार की प्रकृति के आधार पर ज्वालामुखी को कितने वर्गों में बाटा गया हैं? समझाइए।

8. **'P'** तरंग तथा **'S'** तरंग में कोई चार अन्तर लिखिए ।

9. भूकंप के कोई चार प्रकारों का वर्णन कीजिए ।

## अध्याय 4 महासागरोंऔर महाद्वीपों का वितरण

**1 सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **( 01 अंक)**

(i) महाद्वीपिय विस्थापन सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया-

(अ) लाप्लास (ब) हैरी हेस

(स) एन्टोनियो (द) अल्फ्रेड वेगनर

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सी लघु प्लेट नहीं है-

(अ) नजका प्लेट (ब) फिलीपींस प्लेट

(स) अरेबियन प्लेट (द) अंटार्कटिका प्लेट

(iii) निम्नलिखित में से कौन विवर्तनिकी आवधारणा से संबंधित नहीं है-

(अ) पारकर (ब) मैकेन्जी

(स) जेम्स जीन (द) मार्गन

(iv) प्रशांत प्लेट मुख्यत है-

(अ) महाद्वीपीय (ब) महासागरीय

(स) महाद्वीपीय एवं महासागरीय (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

(v) निम्नलिखित में से महाद्वीपों के  अलग होने का कारण है   -

(अ) ज्वालामुखी के फूटने से        (ब) विवर्तन क्रिया से

(स) चट्टानों के वलन एवं भ्रंशन से        (द) उपर्युक्त सभी

(vi) कार्बोनिफेरस युग में जुड़े पृथ्वी के सभी स्थल खंड को वैगनर ने नाम दिया-

(अ) पैंजिया        (ब) अंगारा लैंड

(स) गोण्डवाना लैंड        (द) टैथिस सागर

(vii) यूरेशियन प्लेट उदाहरण है-

(अ) महामागरीय प्लेट का        (ब) महाद्वीपीय प्लेट का

(स) महाद्वीपीय महासागरीय प्लेट का        (द) इनमें से कोई नहीं

(viii) पोलर फ्लीइंग बल निम्नलिखित में में किसमे संबंधित है -

(अ) पृथ्वी का परिक्रमण        (ब) पृथ्वी का घूर्णन

(स) गुरुत्वाकर्षण        (द) ज्वारीय बल

(ix) हिमालय पर्वत के साथ भारतीय प्लेट की मीमा किस तरह की प्लेट सीमा है -

(अ) महासागरीय महाद्वीपीय अभिसरण  (ब) अपसारी सीमा

(स) रूपान्तर सीमा        (द) महाद्वीपीय महाद्वीपीय अभिस

**2 . रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए  -        (01 अंक)**

(1) पेंजिया के चारों ओर एक विशाल महासागर....................................... स्थित था।

(ii) महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत वेगनर द्वारा सन.............................................में प्रस्तुत किया गया।

(iii) जब एक प्लेट दूसरी प्लेट के नीचे रहती है और जहां भूपर्पटी नष्ट होती है वह.........................
कहलाती है।

(iv) प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी का स्थल मंडल.......................मुख्य प्लेटों में विभक्त है।

(v) कोकोस प्लेट मध्यवर्ती अमेरिका और.....................................महासागरीय प्लेट के बीच स्थित है।

(vi) वह स्थान जहां प्लेट धसती है इसे.......................................................क्षेत्र कहते हैं।

**3 .सत्य / असत्य लिखिए -** **(01 अंक)**

(i) महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत महाद्वीपों एवं महासागरों के वितरण से संबंधित है।

(ii) आर्कटिक एक  लघु प्लेट है।

(iii) ज्वारीय बल का संबंध सूर्य व चंद्रमा के आकर्षण बल से  है।

(iv) प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी का स्थलमंडल 9 मुख्य प्लेटों में विभक्त है।

(v) स्थल मंडल में पर्पटी एवं ऊपरी क्रोड को सम्मिलित किया जाता है।

(vi) प्लेटे वृत्ताकार पथ पर गतिशील होती हैं।

(vii) महाद्वीप एवं महासागर पृथ्वी के प्रथम श्रेणी के उच्चावच है।

(viii) गोंडवानालेंड  के टूटने में उत्तरी अमेरिका, यूरोप एवं एशिया महाद्वीप बने है।

**4.  एक वाक्य में उत्तर लिखिए -** **(01 अंक)**

(i) पृथ्वी के कितने प्रतिशत भू-भाग पर महाद्वीपों का विस्तार है ?

(ii) पेंजिया क्या है?

(iii) पेंथालासा  का क्या अर्थ है?

(iv) प्रारंभिक अवस्था में पेंजिया किन दो भागों में विभाजित हुआ है ?

(v) प्लेट संचरण के फलस्वरुप कितने प्रकार की प्लेट सीमाएँ बनाती है ?

(vi) प्लेट शब्द का सबसे पहले प्रयोग किसने किया था ?

(vii) जहां न तो नई पर्पटी निर्माण होता है और न ही पर्पटी का विनाश होता है वह कौन-सी प्लेट सीमा है?

(viii) प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया था ?

(ix) पृथ्वी के कितने प्रतिशत भाग पर जल का विस्तार है?

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न** **(02 अंक)**

(1) महाद्वीपों के प्रवाह के लिए वेगनर ने  किन बलों का उल्लेख किया था ?

(ii)  मैंटल में संवहन धाराओं के आरंभ होने और बने रहने के क्या कारण हैं ?

(iii) दक्कन ट्रेप के निर्माण के दौरान भारतीय स्थलखंड की स्थिति क्या थी ?

(iv) गोंडवाना लैंड और लॉरेशिया में क्या अंतर था?

(v) प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के अनुसार प्लेटों के मुख्य प्रकार कौन-से हैं?

**लघु उत्तरीय प्रश्न -** **(03 अंक)**

1. वेगनर के महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत के पक्ष में दिए गए प्रमाणों की व्याख्या कीजिए।

2. वेगनर के महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत तथा प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत के प्रमुख अंतर स्पष्ट कीजिए।

3. प्लेट संचरण के फलस्वरुप निर्मित प्लेट सीमाओं का वर्णन कीजिए ।

4. महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत व प्लेट विवर्तनिक सिद्धांत में मूलभूत अंतर लिखिए ।

5. भारतीय प्लेटों के संचलन की स्थिति को स्पष्ट कीजिए।

6. वेगनर के महाद्वीप विस्थापन सिद्धांत के प्रमुख बलों का वर्णन कीजिए ।

7. प्लेट प्रवाह की दर कैसे निर्धारित होती है ?

## अध्याय 5 भू आकृतिक प्रक्रियाएँ

**1 सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **(01 अंक)**

(i) निम्नलिखित में से पटल विरूपण किस प्रकार की प्रक्रिया हैं-

(अ) बहिर्जनिक (ब) अंतर्जनित

(स) रासायनिक (द) जैविक

(ii) निम्नलिखित में से दो महत्वपूर्ण जलवायवी तत्व है-

(अ) वायु और जल (ब) तापक्रम तथा वर्षण

(स) लहरें एवं धाराएँ (द) ज्वार-भाटा

(iii) निम्नलिखित में से अपक्षय का प्रकार नहीं हैं-

(अ) रासायनिक (ब) भौतिक या यांत्रिक

(स) जैविक (द) शैल मलवा

(iv) बृहत संचलन में कौन-सी शक्ति सहायक होती हैं-

(अ) वायु (ब) हिमानी एवं धाराएँ

(स) लहरें एवं धाराएँ (द) गुरुत्वाकर्षण बल

(v) तीव्र ढालों पर शैल स्खलन होता है-

(अ) मंद गति (ब) स्थिर गति

(स) बहुत तीव्र एवं विध्वंसक (द) असमान गति

(vi) हिमालय क्षेत्र में मलवा अवघात एवं भूस्खलन घटित होने का कारण हैं-

(अ) विवर्तनिक हलचल (ब) परतदार शैलो की परिस्थिति

(स) तीव्रढाल (द) उपरोक्त सभी

**2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** **(01 अंक)**

(i) अंतर्जनित बल मूल रूप में.................................................. निर्माण करने वाले बल हैं।

(ii) बहिर्जनिक प्रक्रियाएँ मुख्य रूप से.................................................. बल होती हैं।

(iii) भू स्खलन में पदार्थ अपेक्षाकृत ........................................................................ होते हैं।

(iv) अपक्षय...................................................... निर्माण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया हैं।

**3 सत्य/असत्य लिखिए- (01 अंक)**

(i) अन्तर्जात शक्तियों धरातल के भागों को ऊपर उठाती है।

(ii) रासायनिक क्रियाएँ कणों के मध्य बन्धन को ढीला कर देती हैं।

(iii) विश्व के सभी क्षेत्रों में समान जलवायु पायी जाती है।

(iv) अपक्षय में ढाल का विशेष महत्व होता है।

(v) मृत्तिका के नीचे चट्टान की परत को स्तम्भ शैल कहते हैं।

(vi) शैलपात क्रिया शैल स्खलन के समान है।

**4 . एक वाक्य में उत्तर लिखिए- (01 अंक)**

(i) अपरदन के माध्यम से उच्चावच के मध्य अंतर कम होने को क्या कहते हैं?

(ii) गुरुत्वाकर्षण बल पदार्थ को किस प्रकार संचालित करता है?

(iii) अनाच्छादन शब्द का क्या अर्थ हैं ?

(iv) भू-आकृतिक प्रक्रिया किसे कहते हैं?

(v) पेडालोजी क्या हैं ?

(vi) पेडालोजिस्ट कौन होते हैं ?

(vii) राइजोबियम कहाँ रहता है?

**लघु उत्तरीय प्रश्न - (03 अंक)**

1 भू आकृतियों के विकास में बहिर्जनिक एवं अंतर्जनित दोनों शक्तियां किस प्रकार संतुलित व्याहार करती हैं।

2 बहिर्जनिक प्रक्रियाएँ भिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की स्थलाकृतियाँ निर्मित करती हैं। कथन को स्पष्ट कीजिए।

3 मृदा निर्माण भौगोलिक संरचना द्वारा निर्धारित होती है। व्याख्या कीजिए।

4 अपक्षय किसी देश के आर्थिक समृद्धीकरण को स्रोत हैं, कथन स्पष्ट कीजिए।

5 अन्तर्जात एवं बहिर्जात बलों में कोई तीन अंतर लिखिए।

6 पटल विरूपण के अंतर्गत कौन-कौन-सी प्रक्रियाएँ सम्मिलित की जाती है? समझाइए ।

7 अपक्षय किसे कहते है ? अपक्षय के प्रकारों को समझाइए ।

8 मृदा निर्माण के कारको का वर्णन कीजिए ।

9 भौतिक अपक्षय की प्रक्रिया को समझाइए ।

10 अपक्षय पृथ्वी पर जैव  विविधता के लिए उत्तरदायी है । स्पष्ट कीजिए ।

## अध्याय 6 भू-आकृतियाँ तथा उनका विकास

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **(01 अंक**

(i) बरखान का निर्माण निम्नलिखित में से किस अपरदन के कारक द्वारा होता है-

(अ) पवन (ब) नदी

(स) भूमिगत जल (द) सागरीय लहरें

(ii) डेल्टा का निर्माण निम्नलिखित में से किस भू-आकृती द्वारा होता है-

(अ) नदी (ब) पवन

(स) भूमिगत जल (द) सागरीय लहरें

(iii) निम्नलिखित में से अपरदन का कारक कौन-सा है-

(अ) जलवायु (ब) पवन

(स) मौसम (द) चट्टानें

(iv) व्ही आकार की घाटी का निर्माण नदी की किस अवस्था में होता है-

(अ) तरुण अवस्था (ब) वृद्धा अवस्था

(स) प्रौढ अवस्था (द) प्रौढ-वृद्धा अवस्था

(v) सर्क का निमार्ण अपरदन किस कारक द्वारा होता है-

(अ) हिमोड (ब) भूमिगत जल

(स) पवन (द) नदी

**2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** **(01 अंक)**

(i) स्टैलैग्टाइट का निर्माण.............................................. अपरदन कारक के द्वारा होता है।

(ii) सर्क का निर्माण ....................................................अपरदन कारक के द्वारा होता है।

(iii) हिमोड़ का निर्माण................................................. अवस्था में होता है।

(iv) भृगु संरचना .......................................... द्वारा बनने वाली संरचना है।

(v) डेल्टा का निर्माण .................................................. द्वारा होता है।

**4. सत्य/असत्य लिखिए-** **(01 अंक)**

(i) अपरदन के अभिकर्ता के रूप में नदियों का महत्व सबसे अधिक है।

(ii) लम्बवत् अपरदन के कारण नदी V आकार की घाटी बनाती है।

(iii) डेल्टाई भागों में भूमि का ढाल तीव्र होता है।

(iv) मृदा के निक्षेपण से डेल्टा का विस्तार होता है।

(v) भूमिगत जल सामान्यतया उष्ण होता है।

(vi) हिमानी तीव्र गति से नीचे की ओर खिसकती है।

(vii) मिट्टी के विकास में महत्वपूर्ण कारक जलवायु है।

(viii) हॉर्न या गिरिश्रृंग किस अपरदन के कारक द्वारा बनाये जाते हैं।

(ix) घोल रंध्र किस अपरदन कारक के द्वारा बनाये जाते हैं।

**5.अति लघु उत्तरीय प्रश्न -** **(02 अंक)**

1. पवन के निक्षेप से बनने वाली कोई दो स्थलाकृतियों के नाम लिखिए ।

2. नदी के निक्षेप से बनने वाली कोई दो स्थलाकृतियों के नाम लिखिए ।

4 . नदी के द्वारा बनने वाली कोई दो अपरदनात्मक स्थलाकृतियों के नाम लिखिए ।

5. नदी के युवाअवस्था की अपरदन की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ।

6. डेल्टा किसे कहते हैं?

7. बरखान किसे कहते हैं ?

8. भौमजल के द्वारा बनने वाली चार अपरदनात्मक स्थलरुपों के नाम लिखिए ।

9. पवन के अपरदन से बनने वाली स्थलाकृतियों  के नाम लिखिए  ।

10. यू आकार की घाटी का निर्माण कैसे होता है?

11. कैनियन क्या है ?

12. लैपीज किसे कहते हैं?

13.  हिमनद द्वारा बनने वाली अपरदनात्मक स्थलाकृतियों के नाम लिखिए ।

14. चट्टानों में अधःकर्तित विसर्प और मैदानी भागों में जलोढ़ के सामान्य विसर्प क्या बताते हैं?

15. चूनायुक्त चट्टानी प्रदेशों में धरातलीय जल प्रवाह की अपेक्षा भौम जल प्रवाह अधिक पाया जाता है. क्यों?

# भारत भौतिक पर्यावरण

## अध्याय -1 भारत – स्थिति

**1.सही विकल्प चुनकर लिखिए –** **(01 अंक )**

(i) निम्नलिखित में से भारत का अक्षांशीय विस्तार हैं-

(अ) 8° 4' उ. अक्षांश से 35° 7′ उ. अक्षांश तक

(ब) 8° 4' उ. अक्षांश से 37° 6' उ. अक्षांश तक

(स) 8° 4' उ. अक्षांश से 35° 6′ उ. अक्षांश तक

(द) 8° 4' उ. अक्षांश से 53° 7′ उ. अक्षांश तक

(ii) क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है-

(अ) 5 वाँ (ब) 6 वाँ

(स) 7 वाँ (द) 8 वाँ

(iii) भारत के कितने राज्यों से होकर कर्क रेखा गुजरती है-

(अ) 6 (ब) 8

(ब) 7 (द) 5

(iv) निम्नलिखित देशांतर में से कौन-सा भारत की प्रमाणिक मध्यान रेखा कहलाती है-

(अ) 87° 30′ पूर्वी देशांतर (ब) 85°30′ ‘पूर्वी देशांतर

(स) 84° 30′ पूर्वी देशांतर (द) 82° 30′ पूर्वी देशांतर

(v) भारत का सुदूरस्थ दक्षिणी बिंदु है-

(अ) कन्याकुमारी (ब) रामेश्वरम

(स) इंदिरा प्वाइंट (द) कोरोमंडल

(vi) भारत के राज्यों का निम्नलिखित में में कौन-सा युग्म में सबसे पूर्वी एवं सबसे पश्चिमी राज्यों का इंगित करता है-

(अ) असम और राजस्थान (ब) अरुणाचल प्रदेश एवं राजस्थान

(स) असम और गुजरात (द) अरुणाचल प्रदेश और गुजरात

(vii) निम्नलिखित में से किस देश की भारत के साथ सबसे लंबी सीमा है-

(अ) चीन (ब) नेपाल

(स) पाकिस्तान (द) बांग्लादेश

(vii) भारत तथा पाकिस्तान के बीच सीमा निर्धारण किस रेखा द्वारा होता है-

(अ) डूरंड रेखा द्वारा (ब) मैकमोहन रेखा द्वारा

(स) मैग्रेट रेखा द्वारा (द) रेडक्लिफ रेखा द्वारा

(ix) किसके द्वारा भारत श्रीलंका में अलग होता है-

(अ) स्वेज नहर (ब) पाक जलडमरु मध्य

(स) खंम्भात की खाड़ी (द) कच्छ खाडी

(x) निम्नलिखित में से कौन-सा देश क्षेत्रफल में भारत में बड़ा है-

(अ) चीन (ब) फ्रांस

(स) ईरान (द) जापान

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- ( 01 अंक)**

(i) भारत का क्षेत्रफल ............................................................वर्ग किलोमीटर है।

(ii) भारत की संपूर्ण तट रेखा की लंबाई द्वीपों सहित...................................किलोमीटर है।

(iii) भारत की सीमांतगर्त क्षेत्र आगे समुद्र की ओर ...........................समुद्री मील तक फैला हुआ है।

(iv) केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप ........................................................में स्थित है।

(v) अंडमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी........................................... है।

(vi) भारत का दक्षिणी हिस्सा ...............................................कटिबंध में स्थित है ।

(vii) भारत के मध्य से ........................................................अक्षांश रेखा गुजरती है।

(viii) भारत का अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार लगभग......................................डिग्री है।

**3. सत्य /असत्य लिखिए** **(01 अंक)**

(i) कर्क रेखा मध्यप्रदेश राज्य मे होकर गुजरती है।

(ii) भारत की पूर्व से पश्चिम लंबाई 3214 किलोमीटर है ।

(iii) विश्व में सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला देश रूस है।

(iv) भारत और बांग्लादेश के मध्य डूरंड लाइन स्थित है ।

(v) एक मानक मील में लगभग 1.8 किलोमीटर होते है।

(vi) जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख संघ शासित प्रदेश है।

(vii) उत्तर प्रदेश राज्य में भारत की सर्वाधिक जनसंख्या निवासरत है।

(viii) भारत शीत कटिबंध में स्थित है।

**4. सही जोड़ियाँ मिलाइए-** **(01 अंक)**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) स्थलीय सीमा की लंबाई | (अ) द्वीपीय राष्ट्र |
| (ii) लक्षद्वीप | (ब) 23°30′ उत्तरी अक्षांश |
| (iii) इंदिरा पॉइंट | (स) अरब सागर |
| (iv) सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला राज्य | (द) 15200 कि.मी. |
| (v) मालद्वीप | (इ) बंगाल की खाड़ी |
| (vi) कर्क रेखा | (ई) राजस्थान |
| (vii) मानक याम्योत्तर | (फ) तमिलनाडु |
| (viii) कन्याकुमारी | (ह) 82°30' पूर्वी देशांतर |

**5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए -** **(01 अंक)**

(i) भारत किस गोलार्ध में स्थित है।

(ii) भारत के दक्षिण में कौन-सा महासागर स्थित है?

(iii) भारत और चीन की उत्तर पूर्वी सीमा का सीमांकन कौन-सी रेखा करती है?

(iv) भारत के दो पड़ोसी द्वीपीय राष्ट्रों के नाम लिखिए ।

(v) भारतीय मानक समय ग्रीनविच माध्य समय से कितना आगे है?

(vi) क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है ?

(vii) भारत की सबसे लंबी तट रेखा वाला राज्य कौन-सा है?

(viii) भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जलसंधि का नाम लिखिए ।

(ix) कर्क रेखा एवं मानक समय रेखा आपस में एक दूसरे को भारत के किस राज्य में काटती है।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न-** **(02 अंक)**

(i) भारत का अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार लिखिए ।

(ii) कर्क रेखा किन राज्यों मे होकर गुजरती है? कोई चार राज्यों के नाम लिखिए ।

(iii) भारत के केंद्र शासित प्रदेशों के नाम लिखिए ।

(iv) भारत के दो राज्यों के नाम लिखिए जिससे प्रमाणिक मध्यान रेखा गुजरती है ।

(v) भारत के पूर्वी समुद्री तट रेखा वाले दो राज्यों का नाम लिखिए ।

( vi) भारतीय उपमहाद्वीप में सम्मिलित देशों के नाम लिखिए ।

(vii) भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी तटों के नाम लिखिए ।

**लघुउत्तरीय प्रश्न -** **( 03 अंक )**

1. भारत को उपमहाद्वीप क्यों कहा जाता हैं ?
2. भारत की लंबी तटरेखा के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए ।
3. भारत का देशांतरीय फैलाव इसके लिए किस प्रकार लाभप्रद है ?
4. जबकि पूर्व में नागालैंड में, सूर्य पहले उदय होता है और पहले ही अस्त होता है, फिर कोहिमा और नई दिल्ली में घड़ियाँ एक ही समय क्यों दिखाती हैं ?
5. हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति प्राप्त हैं । इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
6. क्या भारत को एक से अधिक मानक समय की आवश्यकता है? यदि हाँ, तो आप ऐसा क्यों सोचते हैं?

# अध्याय -2 सरंचना तथा भू आकृतिविज्ञान

**सही विकल्प चुनकर लिखिए -** **(प्रत्येक प्रश्न 1 अंक)**

(i) निम्नलिखित में से किस राज्य में 'लोकताल' झील स्थित है-

(अ) केरल (ब) मणिपुर

(स) उत्तराखण्ड (द) राजस्थान

(ii) यमुना नदी की सहायक नदियाँ मुख्यतः किस पर्वत से निकलती हैं-

(अ) सतपुड़ा (ब) अरावली

(स) विध्यांचल (द) राजमहल की पहाडियों से

(iii) अंडमान को निकोबार को कौन -सा चैनल से अलग करता है-

(अ) 8 डिग्री चैनल (ब) 2 डिग्री चैनल

(स) 10 डिग्री चैनल (द) इंग्लिश चैनल

(iv) भारत के पश्चिमी तट की विशेष स्थलाकृति 'कयाल' स्थित है-

(अ) गोवा में (ब) तमिलनाडु में

(स) केरल में (द) मणिपुर में

(v) डोडाबेटा चोटी निम्नलिखित में से कौन-सी पहाड़ी थंखला में स्थित है-

(अ) नीलगिरी (ब) कार्डामम

(स) अन्नामलाई (द) नल्लामाला

(vi) पूर्वी और पश्चिमी घाट को कौन मी पहाडियां आपस में मिलाती हैं-

(अ) महेंद्रगिरी (ब) नीलगिरी

(स) अन्नामलाई (द) पालकोण्डा

(vii) पश्चिमी घाट की औसत ऊँचाई कितनी है-

(अ) 1200 मीटर (ब) 1350 मीटर

(स) 1500 मीटर (द) 900 मीटर

(viii) अनाईमुडी की चोटी स्थित है-

(अ) इलायची की पहाडियों में (ब) अन्नामलाई

(स) नल्लामाला (द) जावादी पहाडियों में

(ix) मरुस्थल में चापाकार रेतीले टिब्बे कहलाते हैं-

(अ) प्लाया (ब) अनुदैर्ध्य टिब्बे

(स) बरखान (द) बालुका स्तूप

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(i) प्रायद्वीपीय भारत ........................................ प्लेट का हिस्सा था।

(ii) लक्षद्वीप में द्वीपों की कुल संख्या.................................................. हैं

(iii) शिलांग....................................................पठार का हिस्सा है।

(iv) मध्य उच्च भाग अरावली पर्वत से .................................................तक फैला है।

(v) मेघालय के पठार को जनजातियों के नाम के आधार पर............................ भागों में बाँटा गया है।

(vi) भूआकृतिक प्रक्रियाओं के आधार पर तटीय मैदानों को.............................. भागों में बाँटा गया है।

(ix) प्लाया झीले..............................................में पाई जाती हैं।

**3 . सत्य असत्य लिखिए - ( 01 अंक)**

(i) हिमालय प्राचीन वलित पर्वत है।

(ii) कश्मीर घाटी वास्तव में झेलम नदी की घाटी है।

(iii) सियाचिन उत्तरी पश्चिमी हिमालय में स्थित है।

(iv) नदी अपनी युवा अवस्था में विसर्पो का निर्माण करती है।

(v) लघु हिलामय को उत्तराखण्ड में नागतीभा कहा जाता है।

(vi) तिस्ता नदी अरूणाचल हिमालय से बहती है।

(vii) दार्जलिंग और सिक्किम हिमालय में 'दुआर' स्थालाकृतियाँ पायी जातीं हैं जिनका उपयोग चाय बागान लगाने के लिए  किया जाता है।

(viii) ब्रह्मपुत्र नदी नामचा बरूआ को पार करने के बाद व्ही आकार की घाटी बनाती है।

(ix)  प्रायाद्वीप का पठार अनेको पठारों से मिलकर बना है।

**4 . सही जोड़ियाँ मिलाइए-I** **( 01 अंक)**

| कॉलम (क ) | कॉलम (ख) |
|---|---|
| (1) कोरोमंडल तट | (अ) मरूस्थल |
| (ii) हिमालय | (ब) हिमानी |
| (iii) बालटोरो | (स) उत्तरी पश्चिमी हिमालय |
| (iv) पाँगाँग सो | (द) 2500 कि.मी. |
| (v) लूनी नदी | (ई) पूर्वी तट |

**सही जोड़ियां मिलाइए - II** **( 01 अंक)**

| कॉलम (A) | कॉलम (B) |
|---|---|
| (i) काराकोरम | (अ) लद्दाख |
| (ii) ठंडा मरूस्थल | (ब) लेंसडाउन |
| (iii) फोटुला दर्रे | (स) लद्दाख श्रेणी |
| (iv) खर्दुगला दर्रे | (द) पठानकोट |
| (v) उत्तराखण्ड हिमालय | (ई) कश्मीर हिमलाय |
| | (फ) जास्कर श्रेणी |

**5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए -** **(01 अंक)**

(i) चेरापूंजी किस पठार पर स्थित है?

(ii) प्रायद्वीपीय पठार की औसत ऊँचाई कितनी है?

(iii) प्रायद्वीपीय पठार के किस भाग में नदी खड्ड और महाखड्ड मिलते हैं?

(iv) मोलेसिस बेसिन किसे कहा जाता है?

(v) अरुणांचल हिमालय में कौन-सी जनजातियाँ  निवास करती हैं?

(vi) अरुणांचल हिमालय की प्रमुख चोटियों के नाम लिखिए ।

(vii) भारत का ठंडा मरुस्थल कहाँ स्थित है ?

(vii) कराकोरम तथा जास्कर श्रेणी के मध्य कौन-सी  श्रेणी है?

(ix) उत्तरी-पूर्वी पठार को किस नाम से जाना जाता है?

(x) कश्मीर घाटी किन दो पर्वत श्रेणियों के बीच स्थित है?

(xi) अरुणाचल हिमालय किन नदियों  के मध्य स्थित है?

(xii) उत्तर पश्चिमी हिमालय के दक्षिणी भागों में पाई जाने वालीअनुदैर्धय घाटियों को किस नाम से जाना जाता है?

**6. अति लघु उत्तरीय प्रश्न-** **( 02 अंक)**

1. द्वीप समूहों की संख्या व उनकी स्थिति लिखिए।
2. कश्मीर हिमालय की दो सबसे ऊँची चोटियों के नाम लिखिए।
3. भारत को कितने भूवैज्ञानिक खंडो में विभाजित किया गया है?
4. हिमालय पर्वत में स्थित दो  दर्रों के नाम लिखिए।
5. पूर्वी घाट की कोई दो विशेषताएँ  लिखिए।
6. पश्चिमी घाट की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
7. बांगर में क्या आशय है ?
8. यदि एक व्यक्ति को लक्षद्वीप जाना हो तो वह कौन-से तटीय मैदान से होकर जाएगा और क्यों?
9. भारत में ठंडा मरुस्थल कहाँ स्थित है? इस क्षेत्र की मुख्य श्रेणियों के नाम लिखिए ।
10. पश्चिमी तटीय मैदान पर कोई डेल्टा क्यों नहीं है?

**लघु उत्तरीय प्रश्न-** **(03 अंक)**

1. प्रायद्वीप पठार का महत्व  लिखिए।
2. उत्तर भारत के मैदान का महत्व लिखिए।
3. हिमालय एक प्राकृतिक रोधक ही नहीं अपितु जलवायु, अपवाह और सांस्कृतिक विभाजक भी है।स्पष्ट कीजिए।
4. हिमालय के कोई तीन महत्व को स्पष्ट कीजिए ।
5. भारत को कितने भूआकृतिक भागों में बांटा गया है? किसी एक का वर्णन कीजिए।
6. तराई और भांवर क्षेत्रों में अंतर स्पष्ट कीजिए।
7. प्रायद्वीपीय पठार को कितने भागों में बांटा गया है ? उनका नाम लिखते हुये किसी  एक का वर्णन कीजिए।
8. उत्तर भारत के मैदानों का निर्माण कैसे हुआ, समझाइए।

9 .हिमालय पर्वत की कोई तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

10 पश्चिमी तटीय मैदान एवं पूर्वी तटीय मैदान में कोई तीन अंतर लिखिए।

# भारत के मानचित्र पर आधारित

# प्रश्न क्रमांक 20 हेतु

1. भारत के मानचित्र पर निम्न को दर्शाइए--

(i) कंचनजुंगा (ii) कोंकण तट

(iii) महेंद्रगिरी चोटी (iv) गारो, खासी, जयंतियाँ की पहाडियाँ

(v) कर्क रेखा

2 . भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए-

(i) नीलगिरी पर्वत (ii) भारतीय मरुस्थल

(iii) जोर्जिला दर्रा (iv) जास्कर श्रेणी

(v) मिजो श्रेणी

3 . भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए-

(i) चिल्का झील (ii) कोरोमण्डल तट

(iii) मालवा का पठार (iv) शिवालिक श्रेणी

(v) अरावली पर्वत

4 भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए-

(i) लद्दाख (ii) K 2

(iii) बघेलखंड का पठार (iv) अजंता श्रेणी

(v) अंडमान निकोबार द्वीप समूह

5 भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए-

(i) लक्षद्वीप (ii) छोटा नागपुर का पठार

(iii) उत्तरी सरकार तट (iv) काराकोरम

(v) महादेव पहाड़ियाँ

6 . भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए-

(i) खम्भात की खाड़ी (ii) चिल्का झील

(iii) अनाई मुड़ी (iv) नागा श्रेणी

(v) मन्नार की खाड़ी

भारत का मानचित्र

